UPRB010023572023

**न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश रायबरेली**

**पीठासीन अधिकारी–** (अमित कुमार पाण्डे), **(उ०प्र० न्यायिक सेवा ) – UP06246**

**प्रकीर्ण सिविल अपील सं० 08/2023**

**मो० कासिम आदि बनाम श्रीमती शाहजहां आदि**

**दिनांक- 06-05-2024**

पत्रावली पेश हुई। अपीलांट अधिवक्ता न्यायालय समक्ष उपस्थित। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थनापत्र 17क व 19क नियत है। पुकार मौजूद विपक्षीगण अनुपस्थित।

**प्रार्थनापत्र 17क व 19क का निस्तारण**

1- अपीलांट मो० कासिम आदि द्वारा प्रार्थनापत्र 17क मय शपथपत्र 18ग अंतर्गत धारा 5 मियाद अधिनियम प्रस्तुत करते हुए प्रार्थनापत्र 19क अंतर्गत आदेश 22 नियम 4 सी०पी०सी० प्रस्तुत करने में हुई देरी को क्षमा किये जाने की याचना किया गया है।

2- अपीलांट द्वारा प्रार्थनापत्र 19क मय शपथपत्र 29ग प्रस्तुत करते हुए मृतक विपक्षी सं० 07 के वारिसानों को कायम मुकदमा किये जाने की याचना किया गया है।

प्रस्तावित वारिसानों पर नोटिस तामील कराया गया। वारिसानों की तरफ से कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं किया गया है।

3- मैंने अपीलांट के विद्वान अधिवक्ता को सुना।

4- प्रस्तुत पत्रावली में विपक्षी सं० 07 की मृत्यु दिनांक 10-03-2023 को होना बताया गया है। अपीलांट के अनुसार उसे मृत्यु की सूचना माह दिसम्बर 2023 को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होते ही उसके द्वारा कायम मुकाम प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया गया है। अपीलांट द्वारा जानबूझकर कोई विलम्ब नहीं किया गया है। अतः धारा 5 मियाद अधिनियम का लाभ देते हुए प्रार्थनापत्र 19क को स्वीकार किया जाये।

5- अपीलांट द्वारा प्रार्थनापत्र 17क के समर्थन में शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है। कोई आपत्ति विपक्षीगणों की तरफ से नहीं आयी।

6- अतः तथ्य एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत प्रार्थनापत्र 17क एवं 19क स्वीकार किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रार्थनापत्र 17क स्वीकार किया जाता है। प्रार्थनापत्र 19क को प्रस्तुत करने में हुई देरी को क्षमा किया जाता है। प्रार्थनापत्र 19क अंतर्गत आदेश 22 नियम 4 सी०पी०सी० सपठित आदेश 6 नियम 17सी०पी०सी० स्वीकार किया जाता है। अपीलांट आवश्यक संशोधन अंदर सप्ताह करे।

तदुपरांत प्रतिस्थापित वारिसानों को समन जारी हो। अपीलांट आवश्यक पैरवी करे।

पत्रावली वास्ते सुनवाई दिनांक **03-07-2024** को पेश हो।

**दिनांक- 06-05-2024**

**(अमित कुमार पाण्डे)**
द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश,
रायबरेली।

Digitally signed by Amit Kumar Pande
Date: 2024.05.07 13:22:28 UTC
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court,
Raebareli